दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 25 जुलाई 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 295

## देश में जारी है कोरोना का उतार चढ़ावः 24 घंटों में 39 हजार से ज्यादा नए मामले, 546 की मौत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना मामलों का आंकड़ा 40 हजार से कम दर्ज हुआ है। पिछले 24 घंटों में 39,097 नए कोरोना केस आए और इस दौरान 546 संक्रमितों की जान चली गई है। इससे पहले शुक्रवार को 35,342 नए मामले आए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 39,097 नए कोरोना केस आए और इस दौरान 546 संक्रमितों की जान चली गई है। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को 35,342 नए मामले आए थे। देश में अब कुल संक्रमितों की संख्या 3,13,32,159 हो चुकी है, जिनमें 3,05,03,166 मरीज ठीक हो गए। जिसके साथ रिकवरी दर बढ़कर 97.35 प्रतिशत पहुंची है। पिछले 24 घंटे में 35,087 लोगों ने कोरोना को मात देकर स्वास्थ्य होने में कामयावी हासिल की है। देश में एक दिन में 3464 सक्रीय मामले बढ़े और इस वक्त देश में 4,08,977 मरीज कोरोना से संक्रमित हैं, जबकि कुल मौत का आंकड़ा 4,20,016 पहुंच चुका है। राहत की बात यह है कि देश में अब तक 42,78,82,261 लोगों को कोरोना वैक्सीन लग चुकी है। अच्छी बात ये है कि 3 करोड़ 5 लाख 3 हजार लोग ठीक भी हुए हैं। बता दें कि 23 जुलाई तक देशभर में 42.78 करोड़ कोरोना वैक्सीन के डोज दिए जा चुके हैं। बीते दिन 42.67 लाख टीके लगाए गए। इसके अलावा कोविड-19 की जांच के लिए शुक्रवार को 16,31,266 जांचें की गई जिसके बाद देश में अब तक कुल 45,45,70,811 नमूनों की जांच की जा चुकी है जबकि दैनिक संक्रमण दर 2.40 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह दर 33 दिनों से लगातार तीन प्रतिशत से कम दर्ज की जा रही है। साप्ताहिक संक्रमण दर 2.22 प्रतिशत दर्ज की गई।

**ऐसे बढ़ा कोरोना का ग्राफ-** देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार हो गए। देश में 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

**सितंबर में आ सकती है तीसरी लहर-** कोरोना वायरस पर फिलहाल नियंत्रण की स्थिति दिख रही है, लेकिन एक्सपर्ट्स बार-बार चेता रहे हैं कि तीसरी लहर भी आ सकती है। इस लहर के सितंबर में दस्तक देने की आशंका है। ऐसे में नए केसों में स्थिरता को देखते हुए लापरवाही बरतना खतरनाक साबित हो सकता है। हालांकि इस बीच राहत की खबर यह है कि अब तक देश में 42 करोड़ से ज्यादा टीके लग चुके हैं। केंद्र सरकार ने इस साल के अंत तक देश की समूची वयस्क आबादी के टीकाकरण का लक्ष्य तय किया है।

## केंद्र सरकार ने राज्यों को 71 लाख वैक्सीन की नई खेप जारी की



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर राज्यों के लिए कोरोना वैक्सीन की नई खेप जारी कर दी है। इस खेप के तहत अगले दो दिन में राज्य सरकारों को 71 लाख से भी ज्यादा वैक्सीन की खुराक उपलब्ध होंगी।

इस माह में 12 करोड़ का लक्ष्य पूरा करने के लिए केंद्र अब तक आठ खेप कर चुका है जारी

जुलाई के अंत तक राज्यों को करीब 12 करोड़ खुराकें उपलब्ध कराने का लक्ष्य है जिसे पूरा करने के लिए सरकार अब तक आठ बार खेप जारी कर चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस सप्ताह में करीब चार और खेप जारी हो सकती हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को अब तक 43.87 करोड़ से अधिक खुराक दी गई हैं जिनमें से 41.12 करोड़ से अधिक खुराक की खपत हुई है लेकिन राज्यों के पास अभी भी 2.75 करोड़ से अधिक खुराक का स्टॉक बचा हुआ है जिसका टीकाकरण के लिए इस्तेमाल होना बाकी है। मंत्रालय ने बताया कि पिछले एक दिन में 54.76 लाख से अधिक खुराक दी गई, जिसके साथ ही अब तक 42 करोड़ 34 लाख वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी हैं। वहीं कोविन वेबसाइट की मानें तो शुक्रवार दोपहर तक 17.56 लाख खुराक दी हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या की

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले में बीती रात संदिग्ध आतंकवादियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , आतंकवादियों ने अवंतीपोरा के लारुगाम त्राल में उनके घर के पास जावीद अहमद मलिक के रूप में पहचाने जाने वाले एक नागरिक पर अंधाधुंध गोलीबारी की। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी जारी है।

### बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच जारी मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। पुलिस ने कहा है, बांदीपुर मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकी मारे गए है। ऑपरेशन जारी है। इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में एक मिली एक विशेष जानकारी के आधार पर पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने पहले इलाके को घेरा और इसके बाद एक तलाशी अभियान की शुरूआत की है। इसी दौरान गोलीबारी शुरू हुई। आतंकियों की मौजूदगी वाले जगह पर सुरक्षा बलों के पहुंचते ही आतंकवादी उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे।

### तालिबाानियों पर अफगान सेना की बड़ी एयरस्ट्राइक, 30 आतंकी ढेर, 17 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान ने तालिबान पर बड़ी एयरस्ट्राइक की है। दो प्रांतों में अफगान वायु सेना के हवाई हमलों में 30 से अधिक तालिबान आतंकवादी मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए हैं। देश के रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के बयान का हवाला देते हुए कहा कि उत्तरी जज्जान प्रांत में प्रांतीय राजधानी शिबरघन के बाहरी इलाके में मुर्गब और हसन तब्बिन गांवों में युद्धक विमानों द्वारा आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने के बाद 19 आतंकवादी मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार, दक्षिणी हेलमंद प्रांत की राजधानी लश्कर गाह के बाहरी इलाके में वायु सेना के हमले में दो गैर-अफगान आतंकवादियों सहित 14 तालिबान की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। तीन आतंकवादी वाहन, छह मोटरसाइकिल, दो बंकर और उनके हथियार और गोला-बारूद की एक बड़ी मात्रा को भी नष्ट कर दिया गया, बयान पढ़ा। ये हवाई हमले ऐसे समय में किए गए हैं जब अफगानिस्तान में हिंसा में वृद्धि देखी जा रही है क्योंकि तालिबान ने अफगान बलों और नागरिकों के खिलाफ अपने आक्रमण को तेज कर दिया है और कुछ ही हफ्तों में विदेशी सेनाओं की पूर्ण वापसी के बाद से यहां हिंसा बढ़ गई है। तालिबान का अफगानिस्तान पर तेजी से नियंत्रण बढ़ता जा रहा है।

### चीन के हेनान में बारिश से मरने वालों की संख्या 56 तक पहुंची

**बीजिंग।** चीन के हेनान प्रांत में मूसलाधार बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है और पांच लोगों के लापता होने की खबर है। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, जल निकासी अंडरपास प्रांतीय राजधानी झेंग्झौ में जिंगगुआंग रोड सुरंग में बचाव के प्रयास अभी भी जारी हैं, जहां मंगलवार से कई वाहन फंसे हुए थे। विभाग ने कहा कि सुरंग में अभी भी बड़ी मात्रा में पानी है, जहां हताहत होने की सूचना है। इससे हताहतों की सही संख्या की अभी पुष्टि नहीं हुई है। चीन में 16 जुलाई को शुरू हुई भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ से अब तक 7.5 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इससे लगभग 576,600 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हो गई है और पूरे प्रांत में 3,800 से अधिक घर गिर गए हैं, जिससे 13.9 बिलियन अरब युआन (2 अरब डॉलर) से अधिक का प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हुआ है।

## चिदंबरम की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

### » आईएनएक्स मीडिया केस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम द्वारा दायर एक आवेदन पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें ईडी को आईएनएक्स मीडिया मनी लॉन्ड्रिंग मामले के संबंध में कई दस्तावेजों की आपूर्ति करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने शनिवार को जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर मामले को नौ अगस्त के लिए टाल दिया है।

पी चिदंबरम की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अर्शदीप सिंह खुराना ने अदालत से ईडी को रिकॉर्ड के रनिंग/आंतरिक पेज नंबरिंग में विसंगतियों को सुधारने और दस्तावेजों की आपूर्ति करने का निर्देश देने की मांग की। आवेदन में कहा गया है कि समय बचाने और कार्यवाही में तेजी लाने के लिए, शिकायत (ईडी चार्जशीट) की प्रारंभिक जांच और इलेक्ट्रॉनिक रूप में दिए गए दस्तावेजों की जांच की गई है। दस्तावेजों की प्रारंभिक और चल रही जांच में कई कमियां और विसंगतियां सामने आई हैं। 8 अप्रैल, 2021 को, आईएनएक्स मामले के आरोपी पी चिदंबरम को इलेक्ट्रॉनिक रूप में पेन ड्राइव में शिकायत (ईडी चार्जशीट) और दस्तावेजों के साथ आपूर्ति की गई थी। आवेदन में कहा गया है कि कोविड की दूसरी लहर के कारण आवेदक दस्तावेजों की प्रभावी ढंग से जांच नहीं कर सका। आवेदक वकील भी इस न्यायालय के समक्ष दायर रिकॉर्ड का कोई निरीक्षण करने में असमर्थ रहा है।

## टोक्यो ओलंपिक में पहले पदक से हुई भारत की शुरूआत

### » राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी ने मीराबाई चानू को दी बधाई



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्टपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश भर ने भारोत्तोलक मीराबाई चानू को तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने के लिये बधाई दी।

चानू ने भारत के भारोत्तोलन पदक के 21 साल के इंतजार को खत्म करते हुए महिलाओं के 49 किलोवर्ग में 202 किग्रा (87 किग्रा + 115 किग्रा) वजन उठाकर दूसरा स्थान पाया । इससे पहले कर्णम मल्लेश्वरी के 2000 सिडनी ओलंपिक में भारोत्तोलन में कांस्य पदक जीता था ।

राष्टपति कोविंद ने ट्वीट किया कि भारोत्तोलन में रजत पदक जीतकर तोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत की पदक तालिका में शुरूआत कराने के लिये मीराबाई चानू को बधाई। मीराबाई चानू ने ओलंपिक खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में पदक का भारत का 21 साल का इंतजार खत्म किया और 49 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीतकर तोक्यो ओलंपिक में देश का खाता भी खोला। चानू ने क्लीन एवं जर्क में 115 किग्रा और स्नैच में 87 किग्रा से कुल 202 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

प्रधानमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि टोक्यो ओलंपिक की इससे अच्छी शुरुआत के नहीं हो सकती था। मीराबाई चानू के शानदार प्रदर्शन से भारत उत्साहित है। भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई। उनकी सफलता हर भारतीय को प्रेरित करती है। इससे पहले कर्णम मल्लेश्वरी ने सिडनी ओलंपिक 2000 में देश को भारोत्तोलन में कांस्य पदक दिलाया था। चीन की होऊ झिऊई ने कुल 210 किग्रा (स्नैच में 94 किग्रा, क्लीन एवं जर्क में 116 किग्रा) से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडोनेशिया की ऐसाह विंडी कांटिका ने कुल 194 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया।

## महाराष्ट्र में बाढ़ राहत कार्यों के लिए सशस्त्र बलों को लगाया गया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सशस्त्र बलों को महाराष्ट्र में बाढ़ राहत अभियान चलाने के लिए तैयार किया गया है, क्योंकि अभूतपूर्व बारिश के कारण विभिन्न नदियों में पानी का बहाव तेज हो गया है और राज्य के कई जिलों में बाढ़ आ गई है। वर्तमान में रत्नागिरी, रायगढ़, पुणे, सतारा, कोल्हापुर और सांगली जिले प्रभावित हुए हैं। भारतीय वायु सेना ने कहा कि गुरुवार को दोपहर करीब 1.30 बजे उन्हें रत्नागिरी जिले के चिपलून और खेड़ कस्बों में बाढ़ राहत कार्यों की आवश्यकता के लिए एक संदेश मिला।

जब मौसम ने अनुमति दी, तो एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने दोपहर 3.40 बजे मुंबई से रत्नागिरी के लिए उड़ान भरी और शाम 5 बजे वहां उतरा। खराब मौसम ने गुरुवार शाम को कोई और संचालन की अनुमति नहीं दी। बल ने कहा, रत्नागिरी में तैनात एक हेलीकॉप्टर के साथ मुंबई से एक अन्य हेलीकॉप्टर के साथ आज परिचालन फिर से शुरू हो गया है। लगभग एक टन भार वाले 10 कर्मियों की एक एनडीआरएफ टीम को भी भारतीय वायुसेना द्वारा रत्नागिरी के लिए रवाना किया गया है।

शुक्रवार को रत्नागिरी से एक हेलीकॉप्टर ने 11꞉35 बजे उड़ान भरी और रत्नागिरी में वापस उतरने से पहले दो लोगों को बचाया। आईएएफ ने बाढ़ राहत कार्यों के लिए दो एमआई-17वी5एस और दो एमआई-17एस भी तैनात किए हैं। एक अन्य हेलीकॉप्टर किसी भी आकस्मिक आवश्यकता के लिए पुणे में स्टैंड-बाय पर है। इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त अनुरोध के आधार पर, मुंबई में भारतीय नौसेना की पश्चिमी नौसेना कमान ने राज्य प्रशासन को सहायता प्रदान करने के लिए बाढ़ बचाव दल और हेलीकॉप्टर जुटाए।

प्रतिकूल मौसम की स्थिति और प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक बाढ़ के बावजूद, कुल सात नौसैनिक बचाव दल गुरुवार को मुंबई से रत्नागिरी और रायगढ़ जिलों में तैनाती के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुए। रायगढ़ जिले से फंसे लोगों को एयरलिफ्ट करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। आईएनएस शिकारा से वन सीकिंग 42सी हेलो शुक्रवार तड़के पोलादपुर और रायगढ़ में बचाव कार्यों के लिए रवाना हुआ। जरूरत पड़ने पर तत्काल तैनाती के लिए मुंबई में अतिरिक्त बाढ़ बचाव दल को उच्च स्तर की तत्परता पर रखा जा रहा है।

इसके अलावा, भारतीय सेना ने नागरिक प्रशासन के अनुरोधों के आधार पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की सहायता के लिए बाढ़ राहत और बचाव दल जुटाए हैं।

## 12 से 17 साल के बच्चों को लगेगा मॉडर्ना का टीका, ईयू ने दी मंजूरी

**लंदन।** दुनियाभर में अभी तक केवल 18 साल से उपर की आयु वाले लोगों को ही कोविड-19 वैक्सीन लगवाने की सुविधा थी, लेकिन अब 18 से कम उम्र के बच्चे भी कोरोना का टीका लगवा सकेंगे। दरअसल, यूरोपीय संघ ने 12 से 17 आयु वर्ग के बच्चों के लिए मॉडर्ना कंपनी की कोविड वैक्सीन स्पाइकवैक्स को मंजूरी दे दी है। यूरोपियन मेडिसिन्स वॉचडॉग ने 23 जुलाई को 12 से 17 साल की उम्र के बच्चों के लिए मॉडर्ना की कोरोना वैक्सीन को इजाजत दे दी। ये वैक्सीन बच्चों को दो डोज के रूप में दी जाएगी। दोनों डोज के बीच चार हफ्ते का अंतराल होगा। यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी (ईएमए) ने कहा कि 12 से 17 आयु वर्ग के 3,732 बच्चों पर स्पाइकवैक्स का ट्रायल किया गया था, जो सफल रहा। उस दौरान पता चला कि सभी के शरीर में अच्छी मात्रा में एंटीबॉडी बनी। उतनी एंटीबॉडी 18 से 25 आयुवर्ग में भी देखी गई थी। मॉडर्ना की वैक्सीन को जनवरी, 2021 में यूरोपीय संघ के 27 देशों में 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों में इस्तेमाल के लिए हरी झंडी दी गई थी। इसे ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका सहित देशों में भी लाइसेंस दिया गया है, लेकिन अभी तक इसका उपयोग बच्चों तक नहीं किया गया है।

## अमित शाह ने शिलोंग, मेघालय में इंटरस्टेट बस टर्मिनल का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज शिलांग में अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अमित शाह ने उमसावली में एक क्रायोजेनिक ऑक्सीजन प्लांट व बाल चिकित्सा वार्ड का उद्घाटन किया।साथ ही उन्होंने मावियोंग में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल का उद्घाटन भी किया।इस अवसर पर डोनर (ष्ठशहृश्वक्र) मंत्री जी.किशन रेड्डी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, डोनर मंत्रालय के राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा और केंद्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद उत्तरपूर्व की कनेक्टिविटी को सबसे ज़्यादा महत्व दिया गया।जब हम कहते थे कि हम उत्तर पूर्व के सभी राज्यों की राजधानियों को रेल और हवाई मार्ग से जोड़ देंगे तब ये विपक्ष वाले लोग हम पर हँसते थे, कि यहाँ कौन आएगा क्या जरुरत है।उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार का प्रयास है कि 2023-24 से पहले उत्तरपूर्व के सभी राज्यों की राजधानियां रेल, रोड और हवाई अड्डों से जुड़ जाएं।

उन्होंने कहा कि आज जो काम यहां हो रहा है, वो कई वर्षों पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन आज यहां भारत सरकार और मेघालय सरकार के सहयोग से 50 करोड़ रूपए की लागत से अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बन रहा है।

उन्होंने कहा जहां तक मेघालय की बात है, तो 2014 से अब तक मेघालय के विकास को गति देने का काम और यहां की जनता को अर्थतंत्र से जोड़ने का काम केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि बिचौलियों को हटाकर जनता के अधिकार का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में डालने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है।

उन्होंने कहा कि मेघालय सरकार ने लगभग 700 करोड़ रूपए की लागत से 67 परियोजनाओं को केन्द्र की सहायता से पूरा किया है और 800 करोड़ रूपए की लागत वाली 38 अन्य परियोजनाएं चालू हैं।

अमित शाह ने कहा कि कई प्रकार के कटहल मिशन, मशरूम मिशन, सिल्क और मिल्क मिशन और मत्स्य पालन के लिए 650 करोड़ रूपए देने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूरे उत्तरपूर्व क्षेत्र में मोदी सरकार तीन चीज़ों को महत्व देकर आगे बढ़ रही है–पहली, यहां की बोलियां, भाषाएं, नृत्य, संगीत, खान-पान, संस्कृति को संभालकर-संजोकर रखना और पूरे भारत में इसके लिए आकर्षण पैदा करना, दूसरी, उत्तरपूर्व के सारे विवादों को समाप्त करके इसे शांतिपूर्ण क्षेत्र बनाना, तीसरा, उत्तरपूर्व को एक विकसित क्षेत्र बनाकर इसके आज़ादी-पूर्व के जीडीपी में योगदान के स्तर पर वापस लाने का प्रयास करना। उन्होंने कहा कि हम इसके बहुत नज़दीक़ हैं और हम सबके सामूहिक प्रयासों से ही कुछ की सालों में हम अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि जिस दिन यहा का जीडीपी में योगदान 20 प्रतिशत से ज़्यादा हो जाएगा, यहां ग़रीबी, बेरोज़ग़ारी और अशांति का नामोनिशान नहीं रहेगा।